प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार
दिनांक 25.03.2025 समय: 2.10 PM

मुख्यमंत्री दौरा
मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज अपने जन्मदिन पर भोपाल में महात्मा गांधी कुष्ठाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की. इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वे उज्जैन और आगरमालवा जिले के ग्राम सालरिया में कामधेनु गौ अभ्यारण्य में एक वर्षीय वेदलक्षणा महा-महोत्सव अंतर्गत आयोजित गौ कथा समापन कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। उन्होंने प्रदेश के विकास का संकल्प भी दोहराया.

जितेन्द्र सिंह टीबी
केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने तपेदिक के दस हजार आइसोलेट्स की जीनोम सीक्वेंसिंग पूरी होने की घोषणा की है। डॉ. सिंह ने नई दिल्ली में संवाददताओं से बातचीत में बताया कि इस राष्ट्रव्यापी पहल का उद्देश्य जीनोम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके दवा प्रतिरोधी टीबी से निपटना है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2025 में देश को टीबी मुक्त बनाना है।

सिंधिया अशोकनगर
केन्द्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 29 मार्च को अशोकनगर जिले के भ्रमण पर आयेगें। श्री सिंधिया जिला मुख्यालय अशोकनगर पर संचालित कॉल सेंटर का शुभारंभ करेगें। इसके साथ वे मुंगावली तथा चंदेरी में विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सीएम हेल्पलाइन कार्यवाही
जबलपुर में सीएम हेल्पलाइन के मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिले की रैंकिंग प्रदेश के टॉप 20 से बाहर होने के बाद कलेक्टर कार्यालय में आयोजित टीएल बैठक में यह कार्रवाई की गई। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत और एडीएम नाथू राम गौंड ने नगरीय निकाय, कृषि विभाग,वित्त विभाग, ट्राइबल डिपार्टमेंट सहित विभिन्न विभागों के करीब 10 अधिकारी-कर्मचारियों पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही उन्हें सीएम हेल्पलाइन के मामलों को गंभीरता से लेने और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए हैं।

अमरनाथ यात्रा

श्री अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से शुरू होगी। यह यात्रा 9 अगस्त तक चलेगी। यात्रा के लिए पंजीयन 14 अप्रैल से शुरू होगा। श्रद्धालु बैंकों या ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण करा सकेंगे। भोपाल और आसपास के क्षेत्रों से हर साल करीब 15 हजार लोग यात्रा में शामिल होते हैं।

मौसम

प्रदेश में गर्मी असर दिखाने लगी है । कई शहरों में तापमान 35 डिग्री के पार पहुँचाने लगा है । रतलाम में कल पारा 39 डिग्री रहा। नर्मदापुरम में भी गर्मी के तेवर काफी तीखे रहे। मौसम विभाग ने 27 से 31 मार्च के बीच लू चलने की संभावना भी जताई है। मौसम विभाग ने दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। ऐसे में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है। भोपाल में 35 दशमलव 5 डिग्री, इंदौर में 36 दशमलव 8 डिग्री, ग्वालियर में 36 दशमलव 1 डिग्री और जबलपुर में तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया।

समाचार संक्षेप में...

- सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने ग्रीष्मकाल में पेयजल की सुचारू उपलब्धता और रबी उपार्जन के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिये हैं।
- जबलपुर में माढ़ोताल थाना क्षेत्र के ग्राम ओरिया में बिजली विभाग की 12 टीमें पुलिस बल के साथ पहुंची। टीम ने 97 बकायादारों से 15 लाख 33 हजार रुपए की वसूली के लिए कार्रवाई की।
- मैहर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में आज कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़ ने जनसुनवाई आयोजित की।
- नर्मदापुरम जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कमॉडेंट कार्यालय पुणे द्वारा सिक्युरिटी गार्ड और सुपरवाईजर के लिए रोजगार कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। और
- नर्मदापुरम जिले की डोलरिया तहसील के खोकसर में 6 एकड़ में लगी दो लाख रुपए से अधिक कीमत की गेहूं की खड़ी फसल भीषण आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गई।